_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-  Class- VI

Subject - Hindi Language  Page-1

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद - 6

मुहावरे (आग बबूला होना से आकाश से तारे तोड़ना)

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

यह पाठ 'मुहावरे' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण है। यह पाठ आपको - को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ मे 'मुहावरे' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको मुहावरो के विषय में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'मुहावरो' के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

बच्चो! मुहावरे वाक्य का ऐसा अंश होते हैं, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करता है। उसे हम मुहावरा कहते हैं। मुहावरे का वाक्य में विशेष अर्थ होता है; जैसे- 'हवा से बातें करना' एक मुहावरा है, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'हवा से बातें करना' किंतु इसका वास्तविक अर्थ है, 'बहुत तेज दौड़ना'।

मुहावरे अपने विशेष अर्थ के कारण भाषा को प्रभावशाली बनाते हैं।

इस प्रकार बच्चो! ऐसे वाक्यांश जो विशेष अर्थ देते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

__/__/__

Date-  Class- VI
Subject - Hindi Language  Page- 2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

आज मैं आपको कुछ मुहावरे करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| आग बबूला होना | बहुत गुस्सा करना | समझाने के बाद भी जब चोर चोरी करता हुआ फिर पकड़ा गया तो पुलिस अफसर आग बबूला हो गया। |
| आसन जमाना | कब्जा करना | कुछ अतिथि तो बिन बुलाए ही दूसरों के घर में आसन जमा लेते हैं। |
| आड़े हाथों लेना | खरी खोटी सुनाना | जब प्रकाश ने मेरे पैसे समय पर नहीं लौटाए तो मैंने उसे आड़े हाथों लिया। |
| आँखों में खटकना | बुरा लगना | शरारती बच्चे हमेशा टीचर की आँखों में खटकते हैं। |
| आँखें बिछाना | बहुत इज्जत देना | क्रिकेट टीम जब जीत के लौटी तो जनता ने उनके स्वागत में आँखें बिछा दीं। |
| आँखें खुलना | होश आना | सब दोस्तों से झगड़ कर जब मोहन अकेला रह गया तो उसकी आँखें खुलीं। |
| आँखें दिखाना | धमकी देना | चोरी करते पकड़े जाने पर चोर पुलिस को ही आँखें दिखाने लगा। |
| आँच ना आने देना | नुकसान ना होने देना | राखी पर भाई वचन देते हैं कि बहन पर कभी आँच ना आने देंगे। |
| आकाश-पाताल एक कर देना | जी जान से कोशिश करना | प्रीती का फ़ोन गुम गया, तो उसे ढूँढ़ने में उसने आकाश-पाताल एक कर दिया। |
| आटे-दाल का भाव मालूम होना | कठिनाइयों से सामना होना | नौकरी से निकाले जाने के बाद विकास को आटे-दाल का भाव मालूम हुआ। |
| आठ-आठ आँसू रोना | बहुत पश्चाताप करना | बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर विवेक आठ-आठ आँसू रोने लगा। |
| आव देखा न ताव | बिना कारण | शिक्षक ने आव देखा न ताव बच्चे को पीटना शुरू कर दिया। |
| आँख डबडबाना | आँखों में आँसू आना | सुनामी पीड़ित लोगों की दशा देखकर मेरी तो आँखें डबडबा गईं। |
| आसन डोलना | विचलित होना | विश्वामित्र की तपस्या से इंद्र का आसन डोलने लगा। |
| आकाश के तारे तोड़ना | असंभव कार्य कर डालना | तुमने प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त करके आकाश के तारे तोड़ लिए हैं। |

Scanned with CamScanner

__/__/____

Date-                                        Class- VI
Subject- Hindi Language                     Page- 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

बच्चो ! मैंने आपको सारे मुहावरे समझा दिए हैं। आशा है आपको यह अच्छे से समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- बच्चो ! आप ऊपर कराए गए सभी मुहावरे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर - पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner